IIM AMRITSAR

Igniting Possibilities

भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर पुस्तकालय

INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT AMRITSAR

LIBRARY

दैनिक भास्कर 02-04-2023

IIM Amritsar Media coverage on Dainik Bhaskar 02-04-2023.

अमृतसर भास्कर

अमृतसर, रविवार 2 अप्रैल, 2023 | 04

आईआईएम का दीक्षांत समारोह • मेनेजेस को सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक पुरस्कार, 291 छात्रों को डिग्रियां

बेहतर प्रदर्शन वालों को अवॉर्ड-मेडल से नवाजा

भास्कर न्यूज | अमृतसर

आईआईएम अमृतसर की तरफ से शनिवार को एक होटल में हुए दीक्षांत समारोह में 7वें एमबीए बैच और एमबीए-बीए, एमबीए-एचआर, ईएमबीए के पहले बैच को एमबीए और ईएमबीए की डिग्री प्रदान की गई। गौर हो कि एमबीए प्रोग्राम के अलावा आईआईएम अमृतसर ने 2021 शैक्षणिक वर्ष से अपना पहला एमबीए-बीए, एमबीए-एचआर और ई-एमबीए प्रोग्राम भी शुरू किया था। एमबीए बैच में 223 छात्र, एमबीए-बीए बैच में 24 छात्र, एमबीए-एचआर बैच में 10 छात्र और ईएमबीए बैच में 34 छात्रों ने समेत 291 को डिग्रियां दी गईं। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वालों को मैडल (पदक) से नवाजा गया।

समागम के मुख्य मेहमान हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. पुष्प कुमार जोशी रहे। जबकि अन्य उपस्थित होने वालों में आईआईएम अमृतसर के निर्देशक डॉ. नागराजन राममूर्थी, सीएस गौरिका अरोड़ा, परिषद सदस्य आईसीएसआई, आईआईएम अमृतसर के अन्य फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर पंकज गुप्ता ने किया। मुख्य मेहमान ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

समारोह में एमबीए, एमबीए-बीए, एमबीए-एचआर, ईएमबीए के विद्यार्थी।

गुप्ता ने सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंडर पुरस्कार जीता

समारोह में सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। आरवीएसएस अपर्णा ने बेहतर प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक जीता, केनेथ मेनेजेस ने एमबीए बैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक जीता। तीर्थम मुखर्जी, विष्णु दास वी. ने एमबीए-एचआर, ई-एमबीए बैचों में उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक जीते। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक अभिषेक सचदेवा ने केनेथ मेनेजेस को सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन पुरस्कार से सम्मानित किया। विशाल गुप्ता ने बैंक ऑफ बड़ौदा सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंडर पुरस्कार जीता। इसके अलावा, आईसीएसआई की चेयरपर्सन सीएस गोरिका अरोड़ा ने एमबीए 7 बैच के शीर्ष 3 छात्रों को तीन स्वर्ण पदक प्रदान किए। पहले स्थान पर रहने के लिए आईसीएसआई सिग्नेचर अवॉर्ड केनेथ मेनेजेस को प्रदान किया गया। प्रणव मित्तल ने मेरिट क्रम में दूसरे स्थान पर रहने के लिए दूसरा आईसीएसआई सिग्नेचर पुरस्कार प्राप्त किया। क्रम में तीसरे स्थान पर रहने के लिए अभाष झा को तीसरा आईसीएसआई सिग्नेचर अवॉर्ड मिला।

भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर
पुस्तकालय
LIBRARY
Indian Institute of Management Amritsar